समाचार

राजस्व मंत्री ने किया विभिन्न स्थानों में ओपनजिमों का लोकार्पण

(सी.एस.ई.बी. स्टेडियम में आयोजित किया गया लोकार्पण कार्यक्रम)

कोरबा 05 मार्च 2019 –प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने सोमवार को नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विभिन्न स्थानों पर स्थापित किए गए ओपनजिमो का लोकार्पण किया, उन्होने जनस्वास्थ्य के मद्देनजर निगम द्वारा 25 लाख रूपये की लागत से विभिन्न स्थानों पर स्थापित किए गए इन ओपनजिमो के उपकरणों के समुचित रखरखाव के निर्देश अनवरत रूप से किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल विशेष पहल पर जनस्वास्थ्य के दृष्टिगत सी.एस.ई.बी. फुटबाल मैदान, एम.पी.नगर गार्डन (कटहल गार्डन के पीछे), रविशंकर शुक्लनगर स्थित उद्यान, सरदार पटेलनगर स्थित उद्यान आदि स्थानों में 25 लाख रूपये की लागत से ओपनजिमो की स्थापना की गई है। सी.एस.ई.बी. फुटबाल मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के राजस्व मंत्री एवं कोरबा जिला प्रभारी मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने उक्त नवस्थापित सभी ओपनजिमो का लोकार्पण किया, उन्होने लोकार्पण पट्टिका का अनावरण एवं फीता काटकर इन ओपनजिमो को आमजन के उपयोग हेतु समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि कोरबा के सर्वागीण विकास के साथ–साथ यहां पर खेल व स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी की दिशा में लगातार कार्य किए जाएंगे, अभी महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मार्गदर्शन में निगम के माध्यम से अनेक खेल संबंधी सुविधाएं प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम परिसर में उपलब्ध कराई गई है, आगे भी इस दिशा में निरंतर कार्य होंगे। उन्होने आगे कहा कि सी.एस.ई.बी. फुटबाल मैदान कोरबा के हृदय स्थल पर एवं मुख्य मार्ग पर स्थित है, इस मैदान का अच्छे से अच्छा विकास किया जाएगा तथा इस हेतु सी.एस.ई.बी. के सी.एस.आर. मद से कार्य कराए जाएंगे। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अपने मूल दायित्वों के निर्वहन के साथ–साथ क्षेत्र के नागरिकों के स्वास्थ्य के मद्देनजर दर्जनों स्थानों पर ओपनजिम

स्थापित कराए गए हैं, जहां एक ओर दर्जनों नए उद्यानों का निर्माण कराया गया है, वहीं पुराने उद्यानों का जीर्णोद्धार कर उनका कायाकल्प किया गया है, ओपनजिम स्थापित कराए गए हैं, एक्युप्रेशर पाथवे बनाए गए हैं, जिसके परिणाम स्वरूप क्षेत्र के नागरिकों को अपनी स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों, कसरत करने, पैदल चलने आदि की महती सुविधाएं प्राप्त हुई हैं। उन्होने कहा कि निगम द्वारा स्थापित किए गए इन ओपनजिमो के उपकरणो का समुचित रखरखाव सुनिश्चित होना चाहिए ताकि लंबे समय तक इनका उपयोग आमजन के द्वारा उठाया जा सके। निगम के अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा ने इस मौके पर कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल जी ने कोरबा के विकास के साथ–साथ खेल सुविधाओं के क्षेत्र में भी अपनी विशेष रूचि दिखाई है तथा उनकी विशेष पहल पर कोरबा में खेल सुविधाओं का विस्तार हुआ है, इसके लिए मैं मंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। श्यामाप्रसाद मुखर्जी ताप विद्युतगृह के कार्यपालक निदेशक एम.एस.कंवर ने स्वागत भाषण दिया तथा सी.एस.ई.बी. मैदान में ओपनजिम की स्थापना के लिए राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होने कहा कि मंत्री जी के मार्गदर्शन में सी.एस.ई.बी. फुटबाल मैदान के समुचित विकास के लिए सी.एस.ई.बी. अपनी पूरी भागीदारी निभाएगा। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कल्याण अधिकारी एस.पी. बारले द्वारा किया गया तथा गुडमार्निंग क्लब के सदस्य डॉ.ध्रुव बनर्जी ने कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, मेयर इन काउंसिल सदस्य दिनेश सोनी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय जायसवाल, पार्षद मनकराम साहू एवं पालू राम साहू, निगम के अपर आयुक्त अशोक शर्मा, रिशू अग्रवाल, श्यामाप्रसाद मुखर्जी ताप विद्युतगृह के कार्यपालक निदेशक एम.एस.कंवर, मुख्य अभियंता रविन्द्र पाठक, अधीक्षण अभियंता एल.के.चौहान, एस.मूर्ति, डॉ.ध्रुव बनर्जी, कार्यपालन अभियंता आर.के. माहेश्वरी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, डॉ.संजय तिवारी, वरिष्ठ कल्याण अधिकारी एस.पी.बारले, मुकेश बग्गा आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।